रजिस्ट्री सं. डी. एल.—33001/95

REGISTERED No. DL—33001/95

भारत का राजपत्र
The Gazette of India

प्राधिकार से प्रकाशित
PUBLISHED BY AUTHORITY

सं० 38] नई दिल्ली, शनिवार, सितम्बर 23, 1995 (आश्विन 1, 1917)
No. 38] NEW DELHI, SATURDAY, SEPTEMBER 23, 1995 (ASVINA 1, 1917)

इस भाग में भिन्न पृष्ठ संख्या दी जाती है जिससे कि यह अलग संकलन के रूप में रखा जा सके ।
(Separate paging is given to this Part in order that it may be filed as a separate compilation)

भाग I—खण्ड 2

[PART I—SECTION 2]

(रक्षा मंत्रालय को छोड़कर) भारत सरकार के मंत्रालयों और उच्चतम न्यायालय द्वारा जारी की गई सरकारी अफसरों की नियुक्तियों, पदोन्नतियों, छुट्टियों आदि से संबंधित अधिसूचनाएं

[Notifications regarding Appointments, Promotions, Leave etc. of Government Officers issued by the Ministries of the Government of India (other than the Ministry of Defence) and by the Supreme Court]

राष्ट्रपति सचिवालय

नई दिल्ली-110004, दिनांक 4 सितम्बर 1995

सं. ए-32013/1/91-प्रशासन—राष्ट्रपति, श्री जुगल किशोर शर्मा, स्थाई वैयक्तिक सहायक, को राष्ट्रपति सचिवालय में रु. 2000-60-2300-द. रो.-75-3200 के वेतनमान पर स्थानापन्न रूप से वरिष्ठ वैयक्तिक सहायक के पद पर उनके कार्यभार ग्रहण करने की तिथि से नियुक्त करते हैं ।

नरेन्द्र सिंह, अवर सचिव (प्रशासन)

सं. ए-32013/1/91-प्रशासन—राष्ट्रपति, श्री एम. एस. लाम्बा, स्थायी निजी सचिव, को राष्ट्रपति सचिवालय में रु. 3000-100-3500-125-4500 के वेतनमान पर स्थानापन्न रूप से राष्ट्रपति के सचिव का प्रधान निजी सचिव के पद पर उनके कार्यभार ग्रहण करने की तिथि से नियुक्त करते हैं ।

नरेन्द्र सिंह, अवर सचिव (प्रशासन)

सं. ए-32013/1/91-प्रशासन—राष्ट्रपति, श्री पी. के. मैथ्युकुट्टी, स्थाई वैयक्तिक सहायक, को राष्ट्रपति सचिवालय में रु. 2000-60-2300-द. रो.-75-3200 के वेतनमान पर स्थानापन्न रूप से वरिष्ठ वैयक्तिक सहायक के पद पर उनके कार्यभार ग्रहण करने की तिथि से नियुक्त करते हैं ।

नरेन्द्र सिंह, अवर सचिव (प्रशासन)

प्रधान मंत्री कार्यालय

नई दिल्ली-110001, दिनांक 30 अगस्त 1995

सं. 11013/41/95-पी. एम. ए.—श्री नरेश चन्द्र, आई. ए. एस. (राजस्थान : 56) (सेवानिवृत्त) ने 30 जून, 1995 के अपराह्न से प्रधान मंत्री कार्यालय में प्रधान मंत्री के वरिष्ठ सलाहकार के पद का कार्यभार छोड़ दिया है ।

वी. चन्द्रशेखरन, अवर सचिव

राज्य सभा सचिवालय

नई दिल्ली, दिनांक 28 अगस्त 1995

सं. आर. एस./2(3)/94-कार्मिक—राज्य सभा के सभापति ने श्री कृष्ण मेनन को इस सचिवालय में 17 अगस्त, 1995 के पूर्वाह्न से आगामी आदेशों तक अस्थायी संसदीय भाषान्तरकार के रूप में नियुक्त करने की कृपा की है । उनकी नियुक्ति इस शर्त के अध्यधीन होगी कि उन्हें अपनी नियुक्ति से एक वर्ष की अवधि के भीतर हिन्दी से अंग्रेजी भाषान्तरण परीक्षा विहित अंक-प्रतिशत के साथ उत्तीर्ण करनी होगी ।

दीपक गोयल, अवर सचिव

लोक सभा सचिवालय

नई दिल्ली-110001, दिनांक 31 अगस्त 1995

सं. 2616(3)/ए. एन.-1/जी. एन.-2810/95—श्रीमती कविता द्वारा इस सचिवालय के विधायी/कार्यकारी/समिति/प्रोटोकोल अधिकारी के पद से दिया गया त्यागपत्र दिनांक 31 अगस्त, 1995 के अपराह्न से स्वीकार कर लिया गया है ।

2. श्रीमती कविता के त्यागपत्र के स्वीकार होने के परिणामस्वरूप वह आज की तारीख तक लोक सभा सचिवालय में की गई सेवाओं के लिए उन्हें मिलने वाले किसी भी अधिकार और लाभ की हकदार नहीं होंगी ।

शिव कुमार, उप सचिव

नई दिल्ली-110001, दिनांक 31 अगस्त 1995

सं. पी. एफ. 422(3)/ए. एन.-1/जी. एन.-2809/95—अधिवर्षिता की आयु प्राप्त करने पर श्री शिव कुमार, उप सचिव, 31 अगस्त, 1995 को अपराह्न से सेवानिवृत्त हो गए हैं ।

ए. के. पाण्डेय, अपर सचिव

संसदीय कार्य मंत्रालय

नई दिल्ली, दिनांक 7 अगस्त 1995

फा.सं. 3(4)/93-प्रशासन 1—राष्ट्रपति इस मंत्रालय के स्थानापन्न अनुभाग अधिकारी, श्री विजय खन्ना को दिनांक 4-8-1995 से 31-3-1996 तक स्थानापन्न हैसियत में और तदर्थ आधार पर अवर सचिव के पद पर नियुक्त करते हैं ।

श्रीमती सतीश मल्होत्रा, अवर सचिव (प्रशासन)

दिनांक 9 अगस्त 1995

फा.सं. 3(11)/94-प्रशासन-1—सचिव, संसदीय कार्य मंत्रालय ने मंत्रालय के स्थाई सहायक श्री बी. एस. शर्मा को दिनांक 7-8-1995 से 31-1-1996 तक स्थानापन्न हैसियत में और तदर्थ आधार पर अनुभाग अधिकारी के पद पर नियुक्त किया है ।

श्रीमती सतीश मल्होत्रा, अवर सचिव (प्रशासन)

दिनांक 17 अगस्त 1995

सं. फा. 3 (15)/93-प्रशासन-1—राष्ट्रपति जी, स्थानापन्न अनुभाग अधिकारी, श्री धनी राम जो दिनांक 5-12-94 से संसदीय कार्य मंत्रालय में तदर्थ आधार पर अवर सचिव के पद पर कार्य कर रहे हैं को दिनांक 8-8-95 (पूर्वाह्न) से अगले आदेशों तक स्थानापन्न रूप में अवर सचिव के पद पर नियुक्त करते हैं ।

श्रीमती सतीश मल्होत्रा, अवर सचिव (प्रशासन)

सं. फा. 3(4)/93-प्रशासन-1—इस मंत्रालय की दिनांक 1 मई, 1995 की समसंख्यक अधिसूचना के क्रम में, राष्ट्रपति जी ने संसदीय कार्य मंत्रालय के स्थानापन्न अनुभाग अधिकारी, श्री धनी राम की स्थानापन्न रूप में और तदर्थ आधार पर अवर सचिव के पद पर की गई नियुक्ति को 7-8-1995 तक बढ़ा दिया है ।

श्रीमती सतीश मल्होत्रा, अवर सचिव (प्रशासन)

फा. सं. 3(14)/92-प्रशासन-1—सचिव, संसदीय कार्य मंत्रालय ने मंत्रालय में सहायक, श्री जोसफ जकारिया को दिनांक 8-8-1995 (पूर्वाह्न) से अगले आदेशों तक स्थानापन्न हैसियत में अनुभाग अधिकारी के पद पर नियुक्त किया है ।

श्रीमती सतीश मल्होत्रा, अवर सचिव (प्रशासन)

दिनांक 21 अगस्त 1995

फा. सं. 3(11)/94-प्रशासन—इस मंत्रालय की समसंख्यक अधिसूचना दिनांक 1 मई, 1995 के क्रम में सचिव, संसदीय कार्य मंत्रालय ने मंत्रालय के स्थाई सहायक, श्री जोसफ जकारिया की स्थानापन्न हैसियत में और तदर्थ आधार पर अनुभाग अधिकारी के पद पर नियुक्ति को दिनांक 7 अगस्त, 1995 तक बढ़ा दिया है ।

श्रीमती सतीश मल्होत्रा, अवर सचिव (प्रशासन)

दिनांक 22 अगस्त 1995

सं. फा. 3(6)/93-प्रशासन-1—मध्य प्रदेश राज्य प्रशासनिक सेवा के अधिकारी, श्री जी. एस. मिश्रा द्वारा दिनांक 26-6-1995 (अपराह्न) से जिला ग्रामीण विभाग अभिकरण रायपुर में मुख्य कार्यकारी अधिकारी के पद का कार्यभार संभालने के फलस्वरूप, उन्हें दिनांक 23-6-1995 (अपराह्न) से जल संसाधन और संसदीय कार्य मंत्री (श्री विद्याचरण शुक्ल) के अतिरिक्त निजी सचिव के पदभार से मुक्त किया जाता है और उनकी सेवाएं मध्य प्रदेश सरकार को सौंपी जाती हैं ।

श्रीमती सतीश मल्होत्रा, अवर सचिव (प्रशासन)

(अंतरिक्ष विभाग)

बेंगलूर-560094, दिनांक 24 जुलाई 1995

सं. 3/1(1)/95-1—राष्ट्रपति, अन्तरिक्ष विभाग के विक्रम साराभाई अन्तरिक्ष केन्द्र, त्रिवेन्द्रम में श्री एच. पी. शर्मा, वरिष्ठ स्नातकोत्तर अध्यापक को प्राचार्य के पद पर स्थाना-

पन्न रूप में दिनांक मई 4, 1995 के पूर्वाह्न से आगामी आदेश तक पदोन्नति पर नियुक्त करते हैं ।

प. केशव राव, अवर सचिव

सं. 3/1(1)/95-1—राष्ट्रपति, अन्तरिक्ष विभाग के विक्रम साराभाई अन्तरिक्ष केन्द्र, त्रिवेन्द्रम में निम्नलिखित वैज्ञानिकों/इंजीनियरों-एस. एफ. को वैज्ञानिकों/इंजीनियरों-एस. जी. के पद पर स्थानापन्न रूप में दिनांक जनवरी 1, 1995 के पूर्वाह्न से आगामी आदेश तक पदोन्नति पर नियुक्त करते हैं :—

सर्वश्री/श्री

1. डा. राजीव लोचन
2. श्रीराम टान्डन
3. गंगाधर दे
4. अभिक चन्द्र लोध

प. केशव राव, अवर सचिव

सं. 3/1(1)/95-1—राष्ट्रपति, अन्तरिक्ष विभाग के विक्रम साराभाई अंतरिक्ष केन्द्र, त्रिवेन्द्रम में श्री सी. के. नारायणन, लेखा अधिकारी-2 को प्रधान, लेखा एवं आन्तरिक वित्त सलाहकार के पद पर स्थानापन्न रूप में दिनांक जून 1, 1995 के पूर्वाह्न से आगामी आदेश तक पदोन्नति पर नियुक्त करते हैं ।

प. केशव राव, अवर सचिव

सं. 3/1(2)/95-1—श्री एस. परमेश्वरन पिल्लै ने अपने निवर्तन आयु प्राप्ति के परिणामस्वरूप अन्तरिक्ष विभाग के विक्रम साराभाई अन्तरिक्ष केन्द्र, त्रिवेन्द्रम में प्रधान, लेखा/आन्तरिक वित्त सलाहकार के पद का कार्यभार दिनांक फरवरी 28, 1995 के अपराह्न से छोड़ दिया है ।

प. केशव राव, अवर सचिव

सं. 3/1(2)/95-1—राष्ट्रपति, अन्तरिक्ष विभाग के विक्रम साराभाई अन्तरिक्ष केन्द्र, त्रिवेन्द्रम में श्रीमती माला मुरूगन, वैज्ञानिक/इंजीनियर-एस. डी. का सेवा से त्यागपत्र दिनांक अगस्त 18, 1994 के अपराह्न से स्वीकार करते हैं ।

प. केशव राव, अवर सचिव

सं. 3/1(3)/95-1—राष्ट्रपति, अन्तरिक्ष विभाग को विक्रम साराभाई अन्तरिक्ष केन्द्र, त्रिवेन्द्रम में डा. अलकानन्द बण्द्योपाध्याय को वैज्ञानिक/इंजीनियर-एस. डी. के पद पर स्थायी रूप में दिनांक 1-4-1995 से नियुक्त करते हैं ।

प. केशव राव, अवर सचिव

सं. 3/1(3)/95-1—राष्ट्रपति, अन्तरिक्ष विभाग को विक्रम साराभाई अन्तरिक्ष केन्द्र, त्रिवेन्द्रम में निम्नलिखित वैज्ञानिकों/इंजीनियरों को वैज्ञानिकों/इंजीनियरों-एस. सी. के पद पर स्थायी रूप में दिनांक 1-4-1995 से नियुक्त करते हैं :

सर्वश्री/श्री

1. आर. मोतिलाल
2. जायस जोस

प. केशव राव, अवर सचिव

सं. 5/1(1)/95-1—राष्ट्रपति, अन्तरिक्ष विभाग के इसरो उपग्रह केन्द्र, बेंगलूर में श्री संतोष वी. मत्थ्यू, वैज्ञानिक/इंजीनियर-एस. डी. का सेवा से त्यागपत्र दिनांक जून 14, 1995 के अपराह्न से स्वीकार करते हैं ।

प. केशव राव, अवर सचिव

सं. 5/1(1)/95-1—राष्ट्रपति, अन्तरिक्ष विभाग के इसरो उपग्रह केन्द्र, बेंगलूर में निम्नलिखित वैज्ञानिकों/इंजीनियरों-एस. ई. को वैज्ञानिकों/इंजीनियरों-एस. एफ. के पद पर स्थानापन्न रूप में दिनांक मार्च 30, 1995 के पूर्वाह्न से आगामी आदेश तक पदोन्नति पर नियुक्त करते हैं :

सर्वश्री/श्री

1. श्री के. एम. भारद्वाज
2. श्री के. वी. वी. एस. एस. एस. आर. आंजनेयुलु

प. केशव राव, अवर सचिव

सं. 5/1(2)/95-1—अन्तरिक्ष विभाग के इसरो उपग्रह केन्द्र, बेंगलूर में श्री एच. राजसिंह ने स्वैच्छिक रूप में निवृत्ति के परिणामस्वरूप वैज्ञानिक/इंजीनियर-एस. एफ. के पद का कार्यभार दिनांक जून 5, 1995 के अपराह्न से छोड़ दिया है ।

प. केशव राव, अवर सचिव

सं. 6/1(1)/95-1—राष्ट्रपति, अन्तरिक्ष विभाग के अन्तरिक्ष उपयोग केन्द्र, अहमदाबाद में श्री एम. जेमिणि वैज्ञानिक/इंजीनियर-एस. एफ. को वैज्ञानिक/इंजीनियर-एस. जी. के पद पर स्थानापन्न रूप में दिनांक जनवरी 1, 1995 के पूर्वाह्न से आगामी आदेश तक पदोन्नति पर नियुक्त करते हैं ।

प. केशव राव, अवर सचिव

सं. 6/1 (2)/95-1—श्री एफ. ए. पठान ने अपने निवर्तन आयु प्राप्ति के परिणामस्वरूप अंतरिक्ष विभाग के अंतरिक्ष उपयोग केन्द्र, अहमदाबाद में क्रय अधिकारी-1 के पद का कार्यभार दिनांक मई 31, 1995 के अपराह्न से छोड़ दिया है ।

प. केशव राव, अवर सचिव

सं. 6/1 (3)/95-1—राष्ट्रपति, अंतरिक्ष विभाग के अंतरिक्ष उपयोग केन्द्र, अहमदाबाद में निम्नलिखित वैज्ञानिक/इंजीनियरों को वैज्ञानिकों/इंजीनियरों-एस. सी. के पद पर स्थायी रूप में दिनांक 2-1-1995 से नियुक्त करते हैं :—

1. श्री विजय कुमार सिंह
2. श्री संजीग कुलश्रेष्ठ

प. केशव राव, अवर सचिव

सं. 6/1 (3)/95-1—राष्ट्रपति, अंतरिक्ष विभाग के अंतरिक्ष उपयोग केन्द्र, अहमदाबाद में निम्नलिखित वैज्ञानिक/इंजीनियरों को वैज्ञानिकों/इंजीनियरों-एस. सी. के पद पर स्थायी रूप में दिनांक 8-12-1995 से नियुक्त करते हैं :—

सर्वश्री/श्री

1. नवीन शुक्ल
2. निशांत दुबे
3. दिनेश नालसा
4. संदीप पाल
5. चक्रपाणि पटनायक

प. केशव राव, अवर सचिव

सं. 7/1 (2)/95-1—महासागर विकास विभाग में सचिव के रूप में अपनी नियुक्ति हो जाने के परिणामस्वरूप डा. ए. ई. मुस्तुनायगम ने अंतरिक्ष विभाग के द्रव नोदन प्रणाली केन्द्र, त्रिवेन्द्रम में निदेशक के पद का कार्यभार दिनांक अप्रैल 15, 1995 के पूर्वाह्न से छोड़ दिया है।

प. केशव राव, अवर सचिव

सं. 10/1 (1)/95-1—राष्ट्रपति, अंतरिक्ष विभाग के सिविल इंजीनियरी प्रभाग में श्री बी. वी. आचार, वैज्ञानिक/इंजीनियर-एस. ई., को वैज्ञानिक/इंजीनियर-एस. एफ. के पद पर स्थानापन्न रूप में दिनांक मार्च 30, 1995 के पूर्वाह्न से आगामी आदेश तक पदोन्नति पर नियुक्त करते हैं।

प. केशव राव, अवर सचिव

सं. 3/1 (2)/95-1—श्री के. एम. जार्ज ने अपने निवर्तन पर प्राप्त के परिणामस्वरूप अंतरिक्ष विभाग के विक्रम साराभाई अंतरिक्ष केन्द्र, त्रिवेन्द्रम में वैज्ञानिक/इंजीनियर-एस. डी. के पद का कार्यभार दिनांक अप्रैल 28, 1995 के अपराह्न से छोड़ दिया है।

प. केशव राव, अवर सचिव

सं. 7/1 (1)/95-1—राष्ट्रपति, अंतरिक्ष विभाग के द्रव नोदन प्रणाली केन्द्र, महेन्द्रगिरी में निम्नलिखित वैज्ञानिकों/इंजीनियरों-एस. एफ. को वैज्ञानिकों/इंजीनियरों-एस. जी. के पद पर स्थानापन्न रूप में जनवरी 1, 1995 के पूर्वाह्न से आगामी आदेश तक पदोन्नति पर नियुक्त करते हैं :—

श्री/श्रीमती

1. आई. जान्स रबीन्द्रन
2. एस. एम. राजरत्नम

प. केशव राव, अवर सचिव

सं. 7/1 (1)/95-1—राष्ट्रपति, अंतरिक्ष विभाग के द्रव नोदन प्रणाली केन्द्र, महेन्द्रगिरी में डा. आई. एल. रत्नराज, चिकित्सा अधिकारी-एस. एफ. को चिकित्सा अधिकारी-एस. जी के पद पर स्थानापन्न रूप में दिनांक जनवरी 1, 1995 के पूर्वाह्न से आगामी आदेश तक पदोन्नति पर नियुक्त करते हैं।

प. केशव राव, अवर सचिव

सं. 6/1 (2)/95-1—राष्ट्रपति, अंतरिक्ष विभाग के अंतरिक्ष उपयोग केन्द्र, अहमदाबाद में श्री सी. आर. वैद्य, वैज्ञानिक/इंजीनियर-एस. डी. का सेवा से त्यागपत्र दिनांक जून 28, 1995 के अपराह्न से स्वीकार करते हैं।

प. केशव राव, अवर सचिव

सं. 6/1 (2)/95-1—राष्ट्रपति, अंतरिक्ष विभाग के अंतरिक्ष उपयोग केन्द्र, अहमदाबाद में श्री ए. आर. शेख, वैज्ञानिक/इंजीनियर-एस. सी. का सेवा से त्यागपत्र दिनांक जून 23, 1995 के अपराह्न से स्वीकार करते हैं।

प. केशव राव, अवर सचिव

सं. 6/1 (2)/95-1—श्री एम. वी. शाह ने स्वैच्छिक रूप में अपनी निवृत्ति के परिणामस्वरूप अंतरिक्ष विभाग के अंतरिक्ष उपयोग केन्द्र, अहमदाबाद में वैज्ञानिक/इंजीनियर-एस. एफ. के पद का कार्यभार दिनांक 31 मार्च, 1995 के अपराह्न से छोड़ दिया है।

प. केशव राव, अवर सचिव

सं. 5/1 (2)/95-1—राष्ट्रपति, अंतरिक्ष विभाग के इसरो उपग्रह केन्द्र, बंगलूर में श्री आर. विजय विट्टल, वैज्ञानिक/इंजीनियर-एस. सी. का सेवा में त्यागपत्र दिनांक जून 14, 1995 के अपराह्न से स्वीकार करते हैं।

प. केशव राव, अवर सचिव

सं. 5/1 (2)/95-1—राष्ट्रपति, अंतरिक्ष विभाग के इसरो उपग्रह केन्द्र, बंगलूर में कु. आर. पद्मप्रिय, वैज्ञानिक/इंजीनियर-एस. सी. का सेवा से त्यागपत्र जून 14, 1995 के अपराह्न से स्वीकार करते हैं ।

प. केशव राव, अवर सचिव

सं. 5/1 (1)/95-1—राष्ट्रपति, अंतरिक्ष विभाग के इसरो उपग्रह केन्द्र, बंगलूर में श्री के. वी. मारुति प्रसाद को वैज्ञानिक/इंजीनियर-एस. सी. के पद पर अस्थायी रूप में दिनांक मई 22, 1995 के पूर्वाह्न से आगामी आदेश तक नियुक्त करते हैं ।

प. केशव राव, अवर सचिव

सं. 5/1 (1)/95-1—राष्ट्रपति, अंतरिक्ष विभाग के इसरो उपग्रह केन्द्र बंगलूर में श्री बंबबत मुखोपाध्याय को वैज्ञानिक/इंजीनियर-एस. सी. के पद पर अस्थायी रूप में दिनांक जनवरी 19, 1995 के पूर्वाह्न से आगामी आदेश तक नियुक्त करते हैं ।

प. केशव राव, अवर सचिव

सं. 4/1 (1)/95-1—राष्ट्रपति अंतरिक्ष विभाग के शार केन्द्र, श्रीहरिकोटा में श्री के. नारायण वैज्ञानिक/इंजीनियर-"जी" को वैज्ञानिक/इंजीनियर-"एच" के पद पर स्थानापन्न रूप में दिनांक जनवरी 1, 1995 के पूर्वाह्न से आगामी आदेश तक पदोन्नति पर नियुक्त करते हैं ।

प. केशव राव, अवर सचिव

सं. 4/1 (1)/95-1—राष्ट्रपति अंतरिक्ष विभाग के शार केन्द्र, श्री हरिकोटा में श्री एम. सी. उत्तम वैज्ञानिक/इंजीनियर-"जी" को वैज्ञानिक/इंजीनियर-"एच" के पद पर स्थानापन्न रूप में दिनांक जनवरी 1, 1995 के पूर्वाह्न से आगामी आदेश तक पदोन्नति पर नियुक्त करते हैं ।

प. केशव राव, अवर सचिव

सं. 4/1 (1)/95-1—राष्ट्रपति अंतरिक्ष विभाग के शार केन्द्र, श्री हरिकोटा में श्री एन. सत्यनारायण वैज्ञानिक/इंजीनियर-एस. जी. को वैज्ञानिक/इंजीनियर-"जी" के पद पर स्थानापन्न रूप में दिनांक जनवरी, 1, 1995 के पूर्वाह्न से आगामी आदेश तक पदोन्नति पर नियुक्त करते हैं ।

प. केशव राव, अवर सचिव

सं. 4/1 (1)/95-1—राष्ट्रपति अंतरिक्ष विभाग के शार केन्द्र, श्रीहरिकोटा में निम्नलिखित वैज्ञानिकों/इंजीनियरों-एस. एफ. को वैज्ञानिकों/इन्जीनियरों-एस. जी. के पद पर स्थानापन्न रूप में दिनांक जनवरी 1, 1995 के पूर्वाह्न से आगामी आदेश तक पदोन्नति पर नियुक्त करते हैं :—

श्री/श्रीमती/कु.

1. वी. आर. सुब्रमण्यम
2. टी. मधुसूदन राव

प. केशव राव, अवर सचिव

सं. 4/1 (1)/95-1—राष्ट्रपति अंतरिक्ष विभाग के शार केन्द्र, श्रीहरिकोटा में निम्नलिखित वैज्ञानिकों/इंजीनियरों-एस. ई. को वैज्ञानिकों/इंजीनियरों-एस. एफ. के पद पर स्थानापन्न रूप में दिनांक जनवरी 1, 1995 के पूर्वाह्न से आगामी आदेश तक पदोन्नति पर नियुक्त करते हैं :—

श्री/श्रीमती/कु.

1. डा. आर. सेतुनारायणन
2. बी. एस. चौवहान

प. केशव राव, अवर सचिव

सं. 3/1 (1)/95-1—राष्ट्रपति, अंतरिक्ष विभाग के शार केन्द्र, श्रीहरिकोटा में निम्नलिखित वैज्ञानिकों-इंजीनियरों-एस. डी. को वैज्ञानिकों/इंजीनियरों-एस. ई. के पद पर स्थानापन्न रूप में दिनांक जनवरी, 1, 1995 के पूर्वाह्न से आगामी आदेश तक पदोन्नति पर नियुक्त करते हैं :—

श्री/श्रीमती/कु.

1. टी. एन. वी. सत्यनारायण
2. एन. हरेन्द्र बाबू
3. टी. गुणशेखरन
4. एस. कृष्णमूर्ति

प. केशव राव, अवर सचिव

सं. 3/1 (1)/95-1—राष्ट्रपति, अंतरिक्ष विभाग के शार केन्द्र, श्रीहरिकोटा में निम्नलिखित वैज्ञानिकों-इंजीनियरों-एस. सी. को वैज्ञानिकों/इंजीनियरों-एस. डी. के पद पर स्थानापन्न रूप में दिनांक जनवरी 1, 1995 के पूर्वाह्न से आगामी आदेश तक पदोन्नति पर नियुक्त करते हैं :—

श्री/श्रीमती/कु.

1. वी. मुनिरतिनम
2. के. शिवप्रसाद
3. बी. वी. वी. एस. एन. प्रसाद राव
4. एस. के. शर्मा
5. वी. वेंकटेश्वर

प. केशव राव, अवर सचिव

सं. 3/1 (1)/95-1—राष्ट्रपति, अंतरिक्ष विभाग के शार केन्द्र, श्रीहारकोटा में निम्नलिखित वैज्ञानिकों-इंजीनियरों-एस. बी. को वैज्ञानिकों/इंजीनियरों-एस. सी. के पद पर स्थानापन्न रूप में दिनांक जनवरी 1, 1995 के पूर्वाह्न से आगामी आदेश तक पदोन्नति पर नियुक्त करते हैं :—

श्री/श्रीमती/कु.

1. सी. मुरलीधर
2. पी. कृष्णकुमार
3. जलील अहमद मोहिद्धीन के
4. के. अम्बिका
5. आर. वेणुगोपाल
6. पी. सिन्धु
7. एस. के. शर्मा

प. केशव राव, अवर सचिव

सं. 2/2 (1)/85-1 (वाल्यू.-2)—श्री सपत्कुमारन (आई. सी. ए एस.) ने, दिनांक 27-7-1995 के आदेश सं. 22012/1/90/एम. एफ. सी. जी. ए./जी. आर. ए./एम. ए. जी./379 के अनुसार कर्नाटक विद्युत बोर्ड में सदस्य (वित्त) के रूप में अपनी नियुक्ति के परिणामस्वरूप, अंतरिक्ष विभाग के मुख्य लेखा नियंत्रक के पद का कार्यभार दिनांक जुलाई 31, 1995 के अपराह्न से छोड़ दिया है ।

प. केशव राव, अवर सचिव

योजना आयोग

नई दिल्ली, दिनांक 28 जुलाई 1995

सं. ए-19 (704)/95-प्रशा.-2—अधिवर्षिता आयु प्राप्त करने पर श्री बी. एस. कपिल, भारतीय आर्थिक सेवा के ग्रेड-4 और अनुसंधान अधिकारी, योजना आयोग 31-7-95 (अपराह्न) को सरकारी सेवा से सेवानिवृत्त हो रहे हैं ।

दिवान चन्द, अवर सचिव

दिनांक 7 अगस्त 1995

सं. एफ.6 (1644)/95 प्रशा. 1—राष्ट्रपति, श्री टी. के. ए. के. नायर, आई. ए. एस. (पी बी : 63) को 31-7-95 (अपराह्न) से और अगले आदेश होने तक विशेष सचिव, योजना आयोग के रूप में नियुक्त करते हैं ।

दिवान चन्द, अवर सचिव

दिनांक 14 अगस्त 1995

सं. ए-12025/13/88-प्रशा.-2—योजना आयोग में वरिष्ठ अनुसंधान अधिकारी के रूप में प्रतिनियुक्ति की समाप्ति पर श्री आर. के. रुमतीना की सेवाएं दिनांक 16-8-95 के पूर्वाह्न से भारतीय तेल निगम लिमिटेड को सौंपी जाती हैं ।

दिवान चन्द, अवर सचिव

दिनांक 21 अगस्त 1995

सं. ए-44011/1/94-प्रशा.-1—श्री अलताफ हुसैन, भारतीय आर्थिक सेवा के जे. ए. जी. अधिकारी ने, 1 अगस्त, 1995 के पूर्वाह्न से अगले आदेश होने तक 3700-125-4700-150-5000/- रुपए के वेतनमान में योजना आयोग में उपसलाहकार के पद का पदभार ग्रहण कर लिया है ।

दिवान चन्द, अवर सचिव

सं. ए-44011/1/94-प्रशा. 1—केन्द्रीय प्रतिनियुक्ति आधार पर औद्योगिकनीति और प्रोमोशन विभाग में निदेशक के रूप में नियुक्ति होने के परिणामस्वरूप भारतीय आर्थिक सेवा की एन एफ एस जी अधिकारी और उपसलाहकार, योजना आयोग श्रीमती चन्द्रलेखा मालवीय को 1-8-1995 (अपराह्न) से योजना आयोग से कार्य-भार मुक्त किया जाता है ।

दिवान चन्द, अवर सचिव

दिनांक 23 अगस्त 1995

सं. ए-12025/9/92-प्रशा.-1—राष्ट्रपति, योजना आयोग में उपसलाहकार डा. एम. के. पाण्डेय को 1 अगस्त, 1995 के पूर्वाह्न से 4500—5700/- रुपए के वेतनमान में प्रोन्नति आधार पर योजना आयोग में संयुक्त सलाहकार (कोल) के रूप में नियुक्त करते हैं ।

दिवान चन्द, अवर सचिव

दिनांक 25 अगस्त 1995

सं. ए-12025/10/94-प्रशा.-1—राष्ट्रपति, डा. एस. पी. पाल, मुख्य अर्थशास्त्री, अनुप्रयुक्त आर्थिक अनुसंधान, नई दिल्ली को 9-8-1995 (पूर्वाह्न) से अगले आदेश होने तक अस्थायी क्षमता में सीधी भर्ती आधार पर 5900—7300/- रुपए के वेतनमान में योजना आयोग में सलाहकार (मूल्यांकन) के रूप में नियुक्त करते हैं ।

दिवान चन्द, अवर सचिव

दिनांक 30 अगस्त 1995

सं. एफ 6/1568/93-प्रशा.-"क"—संसदीय कार्य विभाग में सचिव के रूप में नियुक्ति होने के परिणामस्वरूप श्री आर. सी. त्रिपाठी, आई. ए. एस. (यू पी : 64), प्रमुख सलाहकार (शिक्षा), योजना आयोग को 31-8-95 (अपराह्न) से कार्यभार मुक्त किया जाता है ।

दिवान चन्द, अवर सचिव

राष्ट्रीय सूचना-विज्ञान केन्द्र

नई दिल्ली-110 001, दिनांक 16 अगस्त 1995

सं. ए-39013/1/95-प्रशा.-1—राष्ट्रपति एतद्द्वारा श्री धर्मेन्द्र चोपड़ा का राष्ट्रीय सूचना-विज्ञान केन्द्र मुख्यालय, नई दिल्ली में वैज्ञानिक/इंजीनियर ग्रेड-"एस डी" के पद से त्यागपत्र दिनांक 16-08-1995 (अपराह्न) से स्वीकार करते हैं और उन्हें उसी दिन से कार्यमुक्त किया जाता है ।

के. जी. नायर, संयुक्त निदेशक

सं. ए-39013/1/95-प्रशा.-1—राष्ट्रपति, एतद्द्वारा श्री एस. प्रार्थीबन का राष्ट्रीय सूचना-विज्ञान केन्द्र मुख्यालय, नई दिल्ली में वैज्ञानिक/इन्जीनियर ग्रेड-"एस. सी." के पद से त्यागपत्र दिनांक 16-08-1995 (अपराह्न) से स्वीकार करते हैं और उन्हें उसी दिन से कार्यमुक्त किया जाता है ।

के. जी. नायर, संयुक्त निदेशक

दिनांक 28 अगस्त 1995

सं. ए-39013/1/95-प्रशा.-1—राष्ट्रपति, एतद्द्वारा श्री एस. राघवेन्द्रन का राष्ट्रीय सूचना-विज्ञान केन्द्र, मुख्यालय, नई दिल्ली में वैज्ञानिक/इंजीनियर ग्रेड "एस सी" के पद से त्यागपत्र दिनांक 17-8-1995 (अपराह्न) से स्वीकार करते हैं और उन्हें उसी दिन से कार्यमुक्त किया जाता है ।

के. जी. नायर, संयुक्त निदेशक

नई दिल्ली-110 003, दिनांक 21 अगस्त 1995

सं. ए-39013/1/95-प्रशा.-1—राष्ट्रपति, एतद्द्वारा श्री सुनील कृष्ण नारायण का राष्ट्रीय सूचना-विज्ञान केन्द्र, कानपुर (ग्रामीण), उत्तर प्रदेश में वैज्ञानिक/इन्जीनियर ग्रेड-"एस. सी." के पद से त्यागपत्र दिनांक 26-06-1995 (अपराह्न) से स्वीकार करते हैं और उन्हें उसी दिन से कार्यमुक्त किया जाता है ।

श्याम सुन्दर, उप-निदेशक

दिनांक 23 अगस्त 1995

सं. ए-39013/1/95-प्रशा.-1—विशेष सचिव, भारत सरकार व महानिदेशक, राष्ट्रीय सूचना-विज्ञान केन्द्र एतद्द्वारा श्री के. कृष्णन का राष्ट्रीय सूचना-विज्ञान केन्द्र मुख्यालय, नई दिल्ली में वैज्ञानिक अधिकारी/इंजीनियर ग्रेड "एस. बी." के पद से त्यागपत्र दिनांक 23-08-1995 (अपराह्न) से स्वीकार करते हैं और उन्हें उसी दिन से कार्यमुक्त किया जाता है ।

श्याम सुन्दर, उप-निदेशक

दिनांक 31 अगस्त 1995

सं. ए-39013/1/95-प्रशा.-1—राष्ट्रपति, एतद्द्वारा श्री एम. सत्यनारायण का राष्ट्रीय सूचना-विज्ञान केन्द्र, मुख्यालय, नई दिल्ली में वैज्ञानिक/इन्जीनियर ग्रेड "एस. सी." के पद से त्यागपत्र दिनांक 31-08-1995 (अपराह्न) से स्वीकार करते हैं और उन्हें उसी दिन से कार्यमुक्त किया जाता है ।

श्याम सुन्दर, उप-निदेशक

दिनांक 4 सितम्बर 1995

सं. ए-39013/1/95-प्रशा.-1—राष्ट्रपति, एतद्द्वारा श्री देवी शरण सिंह का राष्ट्रीय सूचना-विज्ञान केन्द्र, मुख्यालय, नई दिल्ली में वैज्ञानिक/इन्जीनियर ग्रेड "एस. डी." के पद से त्यागपत्र दिनांक 04-09-1995 (अपराह्न) से स्वीकार करते हैं और उन्हें उसी दिन से कार्यमुक्त किया जाता है जिसमें कि वे वित्त मंत्रालय, राजस्व विभाग में सहायक आयुक्त आयकर (कनिष्ठ वेतनमान), नई दिल्ली के रूप में कार्यभार ग्रहण कर सकें ।

श्याम सुन्दर, उप-निदेशक

योजना मंत्रालय

सांख्यिकी विभाग

राष्ट्रीय प्रतिदर्श सर्वेक्षण संगठन

(क्षेत्र संकार्य प्रभाग)

नई दिल्ली-110 062, दिनांक 5 सितम्बर 1995

सं. अ-19012/13/93-स्था.-1—सांख्यिकी विभाग के अधीनस्थ कार्यालय क्षेत्र संकार्य प्रभाग, राष्ट्रीय प्रतिदर्श सर्वेक्षण संगठन के अधिकारी श्री सी. एस. जी. रामानुज्जम, अधीक्षक, कोयम्बतूर अधिवार्षिकता की आयु प्राप्त करने पर दिनांक 31-7-1995 (अपराह्न) को सरकारी सेवा से निवृत्त हो गए ।

के. एल. तनेजा, उप-निदेशक

सं. अ-19012/12/93-स्था.-1—सांख्यिकी विभाग के अधीनस्थ कार्यालय क्षेत्र संकार्य प्रभाग, राष्ट्रीय प्रतिदर्श सर्वेक्षण संगठन के अधिकारी श्री एम. पी. वी. प्रसादाबाबू, अधीक्षक, नैल्लूर, कडप्पा (आन्ध्र प्रदेश) अधिवार्षिकता की आयु प्राप्त करने पर दिनांक 31-7-1995 (अपराह्न) को सरकारी सेवा से निवृत्त हो गए ।

के. एल. तनेजा, उप-निदेशक

भारत निर्वाचन आयोग

नई दिल्ली-110 001, दिनांक 31 अगस्त 1995

सं. 193/22/10/93—अधिवार्षिकी की आयु प्राप्त करने पर श्री के. के. महाजन, अवर सचिव 31-8-1995 (अपराह्न) से सेवा निवृत्त हो गए ।

आदेश से

के. आर. प्रसाद, उप निदेशक (रा. भा.)

पांचवां केन्द्रीय वेतन आयोग

नई दिल्ली-66, दिनांक 7 जुलाई 1995

सं. 6/95—राष्ट्रपति, श्री अरविंद कुमार, भा. व. से. (सिक्किम-85) को पांचवें केन्द्रीय वेतन आयोग में 3700—5000/- रुपए के वेतनमान में प्रतिनियुक्ति आधार पर दिनांक 4 जुलाई, 1995 (पूर्वाह्न) से अगले आदेश तक उप सचिव नियुक्त करते हैं।

के. डी. उप्रेती, अवर सचिव

वित्त, न्याय और कम्पनी कार्य मंत्रालय

वित्त कार्य विभाग

नई दिल्ली, दिनांक 4 अगस्त 1995

सं. ए-12023/5/95-प्रशा. 3 (वि. का.)—राजस्थान उच्च न्यायालय, जोधपुर का न्यायाधीश नियुक्त होने पर आयकर अपीलीय अधिकरण के न्यायिक सदस्य श्री एम. ए. ए. खान ने दिनांक 21-07-1995 (21 वीं जुलाई, 1995) को अपराह्न से आयकर अपीलीय अधिकरण के न्यायिक सदस्य के कार्यालय का कार्यभार छोड़ दिया है ।

डी. सिंह, अवर सचिव

दिनांक 5 सितम्बर 1995

सं. ए-12023/1/95-प्रशा. 3 (वि. का.)—राष्ट्रपति, आयकर अधिनियम 1961 (1961 का 43) की धारा 252 द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए श्री डी. मन मोहन, अधिवक्ता को तारीख 03-08-1995 के अपराह्न से अगला आदेश होने तक आयकर अपीलीय अधिकरण का न्यायिक सदस्य नियुक्त करते हैं ।

डी. सिंह, अवर सचिव

सं. ए-12023/16/88-प्रशा. 3 (वि. का.)—अधिवार्षिकी की आयु पूरी होने पर आयकर अपीलीय अधिकरण में लेखा सदस्य श्री एम. कनन दिनांक 1-8-1995 के अपराह्न से सरकारी सेवा से सेवानिवृत्त हो गए हैं ।

डी. सिंह, अवर सचिव

सं. ए-12023/13/83-प्रशा. 3 (वि. का.)—अधिवार्षिकी की आयु पूरी होने पर आयकर अपीलीय अधिकरण में न्यायिक सदस्य श्री ए. वी. बालासुब्रामणियम दिनांक 17-8-95 के अपराह्न से सरकारी सेवा से सेवानिवृत्त हो गए हैं।

डी. सिंह, अवर सचिव

विधि एवं न्याय मंत्रालय

(न्याय विभाग)

नई दिल्ली, दिनांक 1 अगस्त 1995

सं. के-13020/2/95-यू. एस. -2—जम्मू एवं कश्मीर के संविधान की धारा 100 द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, राष्ट्रपति, जम्मू एवं कश्मीर उच्च न्यायालय के न्यायाधीश न्यायविद्, श्री विनोद कुमार गुप्ता को जम्मू एवं कश्मीर उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश न्यायविद् श्री मुनियल्लप्पा रामकृष्ण को तारीख 29 जुलाई, 1995 से 4 अगस्त, 1995 तक (दोनों दिन शामिल) छुट्टी पर अनुपस्थिति के दौरान उक्त न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश के कर्त्तव्यों का निर्वहन करने हेतु नियुक्त करते हैं ।

एम. पी. सिंह, संयुक्त सचिव

दिनांक 23 अगस्त 1995

सं. के. 13020/1/95-यू. एस. 2—जम्मू व कश्मीर के संविधान के खण्ड 95 द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, राष्ट्रपति जम्मू व कश्मीर उच्च न्यायालय के अपर न्यायाधीश न्यायमूर्ति श्री अब्दुल कादिर परर्रे को उनके कार्यभार संभालने की तारीख से जम्मू व कश्मीर उच्च न्यायालय का न्यायाधीश नियुक्त करते हैं ।

एम. पी. सिंह, संयुक्त सचिव

सं. के. 13023/1/95-यू. एस. 2—तारीख 14-7-1995 के आंशिक संशोधन में भारत के संविधान के अनुच्छेद 223 द्वारा प्रदत्त शक्तियों को प्रयोग करते हुए, राष्ट्रपति मध्य प्रदेश उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश, न्यायविद् श्री उल्लाल लक्ष्मीनारायण भट्ट के तारीख 10-7-95 से 31-7-95 (दोनों दिन शामिल) तक छुट्टी पर अनुपस्थिति के दौरान उक्त उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश के कर्त्तव्यों का निर्वहन करने के लिए मध्य प्रदेश उच्च न्यायालय के न्यायाधीश न्यायविद श्री अशोक कुमार माथुर को नियुक्त करते हैं।

एम. पी. सिंह, संयुक्त सचिव

दिनांक 25 अगस्त 1995

सं. के-13018/2/94-यू. एस.-1—यतः भारत सरकार की अधिसूचना सं. के-13018/2/94-यू. एस.-1 दिनांक 7 अक्तूबर, 1994 तथा भारत के संविधान के अनुच्छेद 224 के खंड (1) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, राष्ट्रपति ने कुमारी सुजा कमलाशंकर भट्ट को उनके कार्यभार ग्रहण करने की तारीख से दो वर्ष की अवधि के लिए गुजरात उच्च न्यायालय का अपर न्यायाधीश नियुक्त किया था;

और यतः कुमारी सुजा कमलाशंकर भट्ट ने दिनांक 17-10-1994 को गुजरात उच्च न्यायालय में अतिरिक्त न्यायाधीश का कार्यभार ग्रहण कर लिया था;

और यतः भारत सरकार की अधिसूचना सं. के-13018/2/94-यू. एस.-1 (3) तारीख 4-11-1994 के साथ पठित अधिसूचना सं. के-13018/2/94-यू. एस.-1 (3) तारीख 20-10-1994 तथा भारत के संविधान के अनुच्छेद 222 के खंड (1) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, राष्ट्रपति ने भारत के मुख्य न्यायाधीश के साथ परामर्श करने के बाद गुजरात उच्च न्यायालय की अपर न्यायाधीश न्यायविद् कुमारी सुजा कमलाशंकर भट्ट को केरल उच्च न्यायालय के अपर न्यायाधीश के रूप में स्थानान्तरित किया था तथा उन्हें 2 जनवरी, 1995 को अथवा उससे पूर्व केरल उच्च न्यायालय में अपने पद का कार्यभार ग्रहण करने का निदेश दिया था ।

और जबकि कुमारी सुजा कमलाशंकर भट्ट ने केरल उच्च न्यायालय में अपने पद का कार्यभार ग्रहण नहीं किया है;

इसलिए अब, राष्ट्रपति भारत के मुख्य न्यायाधीश के परामर्श से निर्णय लेते हैं कि न्यायविद् कुमारी सुजा कमलाशंकर भट्ट दिनांक 2 जनवरी, 1995 से उच्च न्यायालय की न्यायाधीश नहीं रही हैं ।'

एम. पी. सिंह, संयुक्त सचिव

दिनांक 28 अगस्त 1995

शुद्धिपत्र

सं. के-13018/2/94-यू. एस.-1—इस विभाग की दिनांक 25 अगस्त, 1995 की समसंख्यक अधिसूचना के अंतिम पैराग्राफ के स्थान पर निम्नलिखित प्रतिस्थापित किया जाएगा :

"अतः, अब, भारत के मुख्य न्यायाधीश से परामर्श करने के पश्चात् राष्ट्रपति यह निर्णय करते हैं कि भारत के संविधान के अनुच्छेद 217 के खंड (1) के परन्तुक (ग) के तहत न्यायमूर्ति कुमारी सुजा कमलाशंकर भट्ट 2 जनवरी, 1995 से उच्च न्यायालय की न्यायाधीश नहीं रही ।"

एम. पी. सिंह, संयुक्त सचिव

विधि, न्याय और कम्पनी कार्य मंत्रालय

(कम्पनी कार्य विभाग)

नई दिल्ली-110001, दिनांक 4 अगस्त 1995

सं. पी एफ जी (339)/76-प्रशासन-2—कम्पनी अधिनियम, 1956 (1956 का 1) की धारा 609 की उपधारा (2) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए केन्द्र सरकार ने केन्द्रीय कम्पनी विधि सेवा के ग्रेड-1 (लेखा शाखा) अधिकारी, श्री पी के बंसल को कम्पनी रजिस्ट्रार, दिल्ली और हरियाणा, दिल्ली के कार्यालय में 4 जुलाई, 1995 के पूर्वाह्न से अगला आदेश होने तक स्थानापन्न कम्पनी रजिस्ट्रार के पद पर नियुक्त किया है ।

उमेश कुमार, अवर सचिव

नई दिल्ली, दिनांक 7 अगस्त 1995

सं. पी एफ जी (397)/80-प्रशा.-2 (खंड-2)—केन्द्रीय कम्पनी विधि सेवा के अधिकारी, श्री अमीताव सेन, ग्रेड-3 (लेखा शाखा) स्थानान्तरण किए जाने पर उन्होंने प्रादेशिक निदेशक, कम्पनी कार्य विभाग, बम्बई के कार्यालय में 13 जून, 1994 के अपराह्न से उप निदेशक (निरीक्षण) के पद का कार्यभार छोड़ दिया है ।

2. कम्पनी अधिनियम, 1956 (1956 का 1) की धारा 609 की उपधारा (2) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए सरकार ने केन्द्रीय कम्पनी विधि सेवा के ग्रेड-3 (लेखा शाखा) अधिकारी श्री अमीताव सेन को कम्पनी रजिस्ट्रार, कलकत्ता के कार्यालय में 17 जून 1994 के पूर्वाह्न से अगला आदेश होने तक स्थानापन्न अतिरिक्त कम्पनी रजिस्ट्रार के पद पर नियुक्त किया है।

उमेश कुमार, अवर सचिव

दिनांक 11 अगस्त 1995

सं. पी एफ जी (398)/80-प्रशा.-2 (खंड-2)—केन्द्र सरकार ने केन्द्रीय कम्पनी विधि सेवा के अधिकारी, श्री राकेश चन्द्र, ग्रेड-1 (लेखा शाखा) को प्रादेशिक निदेशक, कम्पनी कार्य विभाग, कानपुर के कार्यालय में 8 मार्च, 1995 के पूर्वाह्न से अगला आदेश होने तक के लिए स्थानापन्न संयुक्त निदेशक (निरीक्षण) के पद पर नियुक्त किया है ।

उमेश कुमार, अवर सचिव

गृह मंत्रालय

नई दिल्ली, दिनांक 31 अगस्त 1995

सं० ए०-32014/8/95-प्रशा० 1 (क)—राष्ट्रपति, गृह मंत्रालय के केन्द्रीय सचिवालय सेवा संवर्ग के निम्नलिखित स्थाई सहायकों को प्रत्येक के समक्ष दी गई अवधि के लिए अथवा नियमित अनुभाग अधिकारियों के उपलब्ध होने तक, जो भी पहले हो उस अवधि के लिए, उनके नामों के समक्ष उल्लिखित विभागों/कार्यालयों में तदर्थ आधार पर उक्त संवर्ग के अनुभाग अधिकारी ग्रेड में स्वायापन्न रूप से कार्य करने के लिए नियुक्त करते हैं :—

क्रमांक	अधिकारी का नाम	से	तक	व्यवधान की तिथि	कार्यालय/विभाग
1	2	3	4	5	6
	सर्वश्री				
1.	गुलाब सिंह	2-6-95	31-12-95	1-6-95	एन० सी० आर० बी०
2.	एन० सी० भट्टाचार्य	—वही—	17-7-95*	—वही—	गृह मंत्रालय (मु०)
3.	राम कंवर (एस सी)	—वही—	—वही—*	—वही—	का० एवं प्र० विभाग
4.	सी० डी० टूरा (एस सी)	—वही—	—वही—*	—वही—	—वही—
5.	एस० एस० शर्मा	—वही—	31-12-95	—वही—	—वही—
6.	एन० एस० दुर्रे	—वही—	—वही—	—वही—	—वही—
7.	सिकन्दर लाल	—वही—	—वही—	—वही—	—वही—
8.	रतन लाल (एस सी)	—वही—	17-7-95*	—वही—	एस० एस० सी०
9.	जगदीश कुमार मदान	—वही—	31-12-95	—वही—	गृह मंत्रालय (मुख्य)
10.	ए० एल० गुप्ता	—वही—	—वही—	—वही—	मंत्रि सचि० (जे आई सी)
11.	के० सी० चावला	—वही—	—वही—	—वही—	एस० एस० सी०
12.	जी० के० सेठी	—वही—	—वही—	—वही—	कार्मिक एवं प्र० विभाग
13.	ताले राम (एस सी)	—वही—	—वही—	—वही—	सांख्यिकी विभाग
14.	वाई० पी० कुमरा	—वही—	—वही—	—वही—	गृह मंत्रालय (मुख्य)
15.	एम० एल० खुट्टन	—वही—	—वही—	—वही—	—वही—
16.	ए० के० वर्मा (एस सी)	—वही—	17-7-95*	—वही—	का० एवं प्र० विभाग
17.	आर० एस० वशिष्ठ	—वही—	31-12-95	—वही—	गृह मंत्रालय (मु०)
18.	पी० सी० गुप्ता	—वही—	—वही—	—वही—	—वही—
19.	टिन टुस का (एस सी)	—वही—	—वही—	—वही—	—वही—
20.	जे० सी० वाधवा	—वही—	—वही—	—वही—	—वही—
21.	जितेन्द्र बब्बर	—वही—	17-7-95	—वही—	सांख्यिकी विभाग
22.	जगबीर सिंह परगट	—वही—	—वही—	—वही—	गृह मंत्रालय (मु०)
23.	राम कंवर बिन्दल	—वही—	30-9-95**	—वही—	—वही—
24.	कमल किशोर (एस सी)	—वही—	31-12-95	—वही—	आर० जी० आई०

1	2	3	4	5	6
	सर्वश्री				
25.	गोपाल कृष्ण असेरी	2-6-95	31-12-95	1-6-95	एस एस सी
26.	राम लखन (एस सी)	-वही-	-वही-	-वही-	-वही-
27.	एम० के० गुप्ता	-वही-	-वही-	-वही-	गृह मंत्रालय (मुख्य)
28.	जय सिंह (एस सी)	-वही-	-वही-	-वही-	-वही-
29.	डी० बी० आर्या	-वही-	-वही-	-वही-	-वही-
30.	श्रीमती मनीषा भटनागर	-वही-	17-7-95*	-वही-	कार्मिक एवं प्रशि० वि०
31.	क० एस० सैनी	-वही-	31-12-95	-वही-	-वही-
32.	प्रदीप कुमार	-वही-	17-7-95*	-वही-	मंत्रि सचिवालय (एस)
33.	वी० पी० कौशिक	-वही-	31-12-95	-वही-	गृह मंत्रालय (मु०)
34.	आर० मोहन	-वही-	17-7-95*	-वही-	एन० सी० आर० बी०
35.	रेवती प्रसाद	-वही-	31-12-95	-वही-	गृह मंत्रालय (मु०)
36.	राजेश कुमार गुप्ता	-वही-	-वही-	-वही-	-वही-
37.	श्रीमती आभा मिश्रा	3-4-95	-वही-	1, 2-4-95	का० एवं प्र० विभाग
38.	वी० सी० गोपीनाथन (एस सी)	3-5-95	-वही-	2-5-95	आई० एस० सी० सचि०
39.	एम० एस० जुहा	19-4-95	-वही-	18-4-95	गृह मंत्रा० (मु०)
40.	एस० पी० चोपड़ा	2-5-95	-वही-	1-5-95	का० एवं प्र० विभाग
41.	एस० एस० धूरिया	2-6-95	-वही-	1-6-95	प्रधानमंत्री कार्यालय
42.	आर० पी० उनियाल	7-6-95	-वही-	6-6-95	कार्मिक एवं प्र० विभाग
43.	ए० के० गुहा	5-6-95	-वही-	2, 3 तथा 4-6-95	-वही-
44.	रतन कुमार शर्मा	5-4-95	-वही-	4-4-95	गृह मंत्रालय (मु०)
45.	श्रीमती रेनु अरोड़ा	6-4-95	-वही-	5-4-95	-वही-
46.	सेवा राम सहर (एस टी)	17-4-95	-वही-	10-4-95 से 16-4-95 तक	सांख्यिकी विभाग
47.	श्रीमती शोभना भैय्यू	8-5-95	-वही-	7-5-95	गृह मंत्रालय (मु०)
48.	एन० के० झा	18-4-95	-वही-	17-4-95	-वही-
49.	कृष्ण कुमार	6-6-95	-वही-	5-6-95	-वही-
50.	खलील अहमद	21-7-95	-वही-	20-7-95	मंत्रि० सचि० (आर बी)
51.	आर० मुत्तुसीसन	24-7-95	-वही-	23-7-95	एस एस सी, मद्रास
52.	तेजभान शर्मा	2-6-95	12-6-95	1-6-95	का० एवं प्रशि० विभाग

*दिनांक 18-7-95 से नियमित आधार पर नियुक्त ।

**सेवा निवृत्ति ।

एस० पी० गुप्ता, अवर सचिव

दिनांक 29 अगस्त 1995

सं. ए-32014/12/95-प्रशा. 1 (क)—गृह मंत्रालय के संवर्ग में वरिष्ठता कोटा के प्रति वर्ष 1994 के लिए केन्द्रीय सचिवालय आशुलिपिक सेवा के सम्मिलित ग्रेड "क" और "ख" (निजी सचिव से पदनामित) की चयन सूची में गृह मंत्रालय के केन्द्रीय सचिवालय आशुलिपिक सेवा संवर्ग के निम्नलिखित अधिकारियों जो इस समय उनके नाम के सामने दिए गए विभाग/कार्यालय में तदर्थ आधार पर स्थानापन्न निजी सचिव हैं, के नाम शामिल किए जाने के फलस्वरूप राष्ट्रपति उन्हें 8 अगस्त, 1995 के पूर्वाह्न से अगले आदेशों तक नियमित चयन सूची निजी सचिव के रूप में नियुक्त करते हैं :—

क्रम सं., अधिकारी का नाम तथा वर्तमान तैनाती

श्री/श्रीमती

1. नरेश चोपड़ा—महासागर विकास विभाग
2. गुरदयाल सिंह—कम्प्यूटर सेंटर
3. के. एस. पिल्लै—प्रधानमंत्री का कार्यालय
4. श्रीमती हरभजन कौर गिल—कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग
5. श्रीमती आशालता गुप्ता—प्रशासनिक सुधार एवं लोक शिकायत विभाग
6. मंजू शर्मा—सांख्यिकी विभाग
7. के. के. गौंड—गृह मंत्रालय (मुख्य)
8. श्रीमती अचला कक्कर—सांख्यिकी विभाग
9. एस. पी. एस. धामी—महा रजिस्ट्रार का कार्यालय
10. अवीनाश बजाज—गृह मंत्रालय (मुख्य)
11. ओ. पी. खुल्लर—सांख्यिकी विभाग
12. एच. आर. तेवतिया—कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग
13. जे. सी. गुप्ता—आई. एस. टी. एस.
14. चन्दर भान—गृह मंत्रालय (मुख्य)
15. कुमारी एम. लता—आई. एस. टी. एम.

एस. पी. गुप्ता, अवर सचिव

दिनांक 31 अगस्त 1995

सं. 0-32014/9/95-प्रशा. 1 (क)—राष्ट्रपति, गृह मंत्रालय के केन्द्रीय सचिवालय सेवा संवर्ग के स्थाई वैयक्तिक सहायक श्री एस. बी. अडोला को दिनांक 29-8-95 से 31-8-95 सेवानिवृत्ति तक दिनांक 28-8-95 पर एक दिन के व्यवधान के साथ प्रधानमंत्री कार्यालय में तदर्थ आधार पर निजी सचिव के पद पर नियुक्त करते हैं।

एस. पी. गुप्ता, अवर सचिव

दिनांक 4 सितम्बर 1995

सं. ए-38017/1/95-प्रशा. 1 (क)—अधिवर्षिता की आयु होने पर, गृह मंत्रालय के केन्द्रीय आशुलिपिक सेवा संवर्ग के स्थाई वैयक्तिक सहायक श्री एस. बी. अडोला जो प्रधानमंत्री कार्यालय में तदर्थ आधार पर निजी सचिव के पद पर कार्य कर रहे थे, दिनांक 31 अगस्त, 1995 के अपराह्न से सरकारी सेवा से निवृत्त हो गए हैं।

एस. पी. गुप्ता, अवर सचिव

नई दिल्ली, दिनांक 25 अगस्त 1995

सं. 20/जी/2151-प्रशा. 1 (क) राष्ट्रपति, श्री के. एस. शर्मा, भा. प्र. से. (मध्य प्रदेश : 64) को दिनांक 24 अगस्त, 1995 के पूर्वाह्न से अगले आदेशों तक गृह मंत्रालय के राजभाषा विभाग में सचिव के रूप में नियुक्त करते हैं।

गुरबचन सिंह, निदेशक

दिनांक 5 सितम्बर 1995

सं. 20/जी/2152-प्रशा. 1 (क)—राष्ट्रपति, श्री बी. सी. खुल्बे, भा. प्र. से. (प. बंगाल: 83) को दिनांक 30 अगस्त, 1995 के पूर्वाह्न से अगले आदेशों तक गृह मंत्रालय में उप सचिव के रूप में नियुक्त करते हैं।

गुरबचन सिंह, निदेशक

नई दिल्ली, दिनांक 31 अगस्त 1995

सं. आई-18011/7/95-आई. पी. एस.-4—भारतीय पुलिस सेवा (परिवीक्षा) नियम, 1954 के नियम 3-ए में प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए राष्ट्रपति जी असम मेघालय संवर्ग के भारतीय पुलिस सेवा के निम्नलिखित सदस्यों को, भारतीय पुलिस सेवा के प्रत्येक को उनके नामों के सामने दर्शाई गई तिथि से सहर्ष स्थायी करते हैं :—

क्रमांक, नाम तथा स्थायी करने की तिथि

1. श्री रविकान्त सिंह (आर. आर. : 87)—15-12-1989
2. श्री ए. के. सिन्हा कश्यप (आर. आर. : 87)—28-8-1990
3. श्री भास्कर ज्योति महन्ता (आर. आर. : 88)—25-8-1990
4. श्री विमय कुमार मिश्रा (आर. आर. : 88))—25-8-1990
5. श्री कुमार विनय सिंह देव (आर. आर. : 89)—29-9-1991

बी. के. गुप्ता, डेस्क अधिकारी

नई दिल्ली-110001, दिनांक 25 अगस्त 1995

सं. 1-14013/9/95-आई पी एस-1—राष्ट्रपति, भारतीय पुलिस सेवा (पदोन्नति द्वारा नियुक्ति) विनियम, 1955 के विनियम 9 के उप विनियम (1) के साथ पठित भारतीय पुलिस सेवा (भर्ती) नियम, 1954 के नियम 9 के उपनियम (1) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, हरियाणा राज्य पुलिस के सदस्य श्री राजबीर सिंह देसवाल (जन्म तिथि 11-2-1957) को भारतीय पुलिस सेवा में परिवीक्षा पर नियुक्त करते हैं तथा उन्हें भारतीय पुलिस सेवा (संवर्ग) नियम, 1954 के नियम 5 के उप-नियम (1) के अंतर्गत हरियाणा संवर्ग प्रदान करते हैं। ये नियुक्ति इस अधिसूचना के जारी होने की तारीख से प्रभावी होगी।

2. श्री राजबीर सिंह देसवाल की नियुक्ति विभिन्न केन्द्रीय प्रशासनिक न्यायाधिकरण उच्च न्यायालयों में बायर निम्नलिखित केसों के अध्याधीन हैं :

1. ओ ए 1844/93-श्री आर एस शर्मा द्वारा केन्द्रीय प्रशासनिक न्यायाधिकरण, प्रिंसिपल बैंच, नई दिल्ली में बायर ।

2. एम ए 1460/94 (ओ ए-775/सी एच/94-सूरज-पाल द्वारा केन्द्रीय प्रशासनिक न्यायाधिकरण चंडीगढ़ बैंच में बायर ।

3. ओ ए 928/एच आर/94-श्री राजबीर सिंह देसवाल द्वारा केन्द्रीय प्रशासनिक न्यायाधिकरण चंडीगढ़ बैंच में बायर ।

4. सी डब्ल्यू पी 3555/93-सोहन लाल बनाम हरियाणा राज्य-पंजाब एवं हरियाणा हाई कोर्ट चंडीगढ़ में बायर ।

एम. एल. मिगलानी, अवर सचिव

शुद्धि-पत्र

सं. 1-14011/53/93-भा. पु. से. 1—इस मंत्रालय की तारीख 12-5-95 की समसंख्यक अधिसूचना के अंग्रेजी रूपांतर में श्री के. जी. पीताम्बरन पिल्लै की जन्म तिथि 21-5-1941 के स्थान पर 21-5-1940 पढ़ी जाए ।

एम. एल. मिगलानी, अवर सचिव

दिनांक 28 अगस्त 1995

सं. 1-18012/1/93-आई. पी. एस.-1—भारतीय पुलिस सेवा (परिवीक्षा) नियम, 1954 के नियम 3-क द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए राष्ट्रपति महाराष्ट्र संवर्ग के निम्नलिखित सदस्यों को उनके नाम के सामने दी गई तारीख से भारतीय पुलिस सेवा में स्थायी करते हैं :—

क्रमांक,	अधिकारियों का नाम और	भारतीय पुलिस सेवा में स्थायी करने की तारीख

सर्वश्री

1. बी. डी. मोरे—22-9-89
2. एस. एम. सय्यद—22-9-89
3. आर. ए. सोनावणे—22-9-89
4. पी. डी. पवार—22-9-89
5. एस. पी. गुप्ता—22-9-89
6. आर. आर. माणगांवकर—22-9-89
7. ए. जी. धिवरे—22-9-89
8. आर. आर. सोनेकुसरे—22-9-89
9. बी. जे. कंगाले—22-9-89

एम. एल. मिगलानी, अवर सचिव

दिनांक 31 अगस्त 1995

सं. 1-18012/9/94-आई. पी. एस.-1—भारतीय पुलिस सेवा (परिवीक्षा) नियम, 1954 के नियम 3-क द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए राष्ट्रपति जम्मू और कश्मीर संवर्ग के निम्नलिखित सदस्य को उनके नाम के सामने दी गई तारीख से भारतीय पुलिस सेवा में स्थायी करते हैं :—

क्रमांक,	अधिकारियों का नाम और	भारतीय पुलिस सेवा में स्थायी करने की तारीख

सर्वश्री

1. रतेन्दर कौल—7-8-92
2. मिर्जा हमीद इकबाल—6-12-92
3. पी. आर. गंदोत्रा—6-12-92
4. डी. जे. गंजू—6-12-92
5. एस. एस. बिजराल—6-12-92
6. अशोक कुमार गुप्ता—15-12-93
7. जे. ए. मखदमी—15-12-93
8. सागर चन्द्र शर्मा—15-12-93
9. प्रेम कुमार गुप्ता—15-12-93
10. ए. अली खान—15-12-93
11. ओविस अहमद शेख—15-12-93
12. एम. ए. शाह—10-2-94
13. जाहूर हुसैन चिस्ती—3-5-95

मु. ला. मिगलानी, अवर सचिव

दिनांक 4 सितम्बर 1995

सं. 1-14011/17/95-आई. पी. एस.-1—राष्ट्रपति, भारतीय पुलिस सेवा (पदोन्नति द्वारा नियुक्ति) विनियम, 1955 के विनियम 9 के उप-विनियम (1) के साथ पठित भारतीय पुलिस सेवा (भर्ती) नियम, 1954 के नियम 9 के उपनियम (1) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, जम्मू

एवं कश्मीर राज्य पुलिस सेवा के निम्नलिखित सदस्यों को भारतीय पुलिस सेवा में परिवीक्षा पर नियुक्त करते हैं तथा उन्हें भारतीय पुलिस सेवा (संवर्ग) नियम, 1954 के नियम 5 के उप-नियम (1) के अंतर्गत जम्मू एवं कश्मीर संवर्ग प्रदान करते हैं । ये नियुक्तियां इस अधिसूचना के जारी होने की तारीख से प्रभावी होंगी :—

क्रम सं., अधिकारी का नाम और जन्म तिथि

सर्वश्री

1. खालिद दुर्रानी—24-4-1942
2. आर. एल. रैना—2-2-1940
3. रविन्द्र कोतवाल—2-5-1951
4. मोहम्मद अमीन अन्जुम—19-8-1951
5. मोहम्मद अमीन भट—1-12-1951
6. फारूक अहमद—5-2-1949
7. रशीद अहमद दर—24-1-1944
8. सतवीर गुप्ता—8-1-1946

एम. एल. भिगलानी, अवर सचिव

नई दिल्ली, दिनांक 5 सितम्बर 1995

सं. 14016/8/95-यू. टी. एस.—संयुक्त सचिव (यू. टी.), गृह मंत्रालय ने श्री मनीश तिवारी, वानील सिविल सेवा (प्रशि.) के त्यागपत्र को 1 सितम्बर, 1995 (अपराह्न) से स्वीकार कर लिया है ।

आर. के. मल्होत्रा, डेस्क अधिकारी

राजभाषा विभाग

नई दिल्ली, दिनांक 30 अगस्त 1995

शुद्धि-पत्र

सं. 12011/10/88-रा. भा. स-1—भारत के राजपत्र के भाग-1, खण्ड-2 में प्रकाशित समसंख्यक अधिसूचना दिनांक 19-3-1990 जोकि श्री के. एन. मेहता को प्रतिनियुक्ति के आधार पर उप निदेशक (कार्यान्वयन) की नियुक्ति के सम्बन्ध में है, नियुक्ति की तिथि 26-2-1990 (पूर्वाह्न) के स्थान पर 26-2-1990 (अपराह्न) पढ़ा जाए ।

अतुल कृष्ण मंडल, अवर सचिव

कार्मिक, लोक शिकायत तथा पेंशन मंत्रालय

कार्मिक और प्रशिक्षण विभाग

नई दिल्ली-110 003, दिनांक 30 अगस्त 1995

सं. 13019/28/93-टी. आई. एन./ए. आई. एस.-3—राष्ट्रपति, श्री पी. के. बन्द्योपाध्याय को लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय प्रशासन अकादमी, मसूरी में सदर्थ आधार पर अनुसंधान अधिकारी के पद पर उनकी नियुक्ति को 30 नवम्बर, 1994 से 29 मई, 1995 तक और आगे बढ़ाते हैं चूंकि उन्होंने 29-05-1995 से पद का कार्यभार छोड़ दिया है ।

तरसेम सिंह, अवर सचिव

नई दिल्ली-3, दिनांक 30 अगस्त 1995

सं. 19/15/88-के. से.-2—प्रधान निजी सचिव की वर्ष 1991 की चयन सूची में शामिल होने पर, श्री एस. आर. धनकानी को दिनांक 5-1-1993 से केन्द्रीय सचिवालय आशु-लिपिक सेवा में प्रधान निजी सचिव के रूप में नियुक्त किया गया था ।

2. पुनर्विलोकन विभागीय पदोन्नति समिति/चयन समिति की सिफारिशों के आधार पर प्रधान निजी सचिव की वर्ष 1988 की चयन सूची में उनके शामिल होने के परिणामस्वरूप, राष्ट्रपति, श्री एस. आर. धनकानी को दिनांक 11-5-89 से अगला आदेश होने तक 3000—3500/- रुपए के वेतनमान में प्रधान निजी सचिव के रूप में नियुक्त करते हैं ।

3. श्री धनकानी के वेतन नियतन के प्रयोजनार्थ 11-5-89 से 5-1-93 के बीच की अवधि को नोशनल आधार पर लागू नियमों/अनुदेशों के अनुसार गिना जाएगा । केवल 5-1-93 से वह वेतन तथा भत्ते का बकाया लेने के हकदार होंगे ।

करतार सिंह, अवर सचिव

नई दिल्ली, दिनांक 5 सितम्बर 1995

सं. 14012/12/95-अ: भा. से. (3)—राष्ट्रपति, भारतीय प्रशासनिक सेवा (परिवीक्षा) नियमावली, 1954 के नियम 3-क द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए भारतीय प्रशासनिक सेवा के अगम संवर्ग के निम्नलिखित सदस्यों को प्रत्येक के सामने उल्लिखित तारीख से भारतीय प्रशासनिक सेवा में स्थायी करते हैं :—

सर्वश्री

1. कु. देवश्री मुखर्जी—15-9-93
2. केशव गौड़—15-9-93
3. के. नरसिम्हा—15-9-93
4. कु. नमिता दत्ता—15-9-93
5. एस. कुमारास्वामी—15-9-93
6. पुनीत कुमार गोयल—15-9-93
7. मोहन जीत सिंह—15-9-93
8. ज्ञानेन्द्रधर बडगाईयां—15-9-93
9. मनीष कुमार गुप्ता—15-9-93
10. रणबीर सिंह—15-9-93

ए. के. ठाकुर, निदेशक (सेवाएं)

नई दिल्ली, दिनांक 5 सितम्बर 1995

सं. 23012/6/95-ए. आई. एस.-3—भारतीय प्रशासनिक सेवा की वर्ष 1987 में हुई परीक्षा के आधार पर भारतीय प्रशासनिक सेवा में नियुक्त और आन्ध्र प्रदेश संवर्ग की अधिकारी श्रीमती पूनम सिंह को अपना नाम श्रीमती पूनम सिंह से बदल कर श्रीमती पूनम मालाकोन्डैय्या करने की अनुमति दी गई है और तदनुसार सभी कार्यालयों प्रयोजनों के लिए इनको श्रीमती

पूनम मालाकोन्डैय्या के नाम से जाना जाएगा ।

ए. के. ठाकुर, निदेशक (संवाएं)

वित्त मंत्रालय

राजस्व विभाग

नई दिल्ली, दिनांक 14 अगस्त 1995

मुख्यालय स्थापना

सं. 74 : (फा. सं. ए-19014/14/95 प्रशा. 1)—राष्ट्रपति, केन्द्रीय सचिवालय सेवा के एक अधिकारी श्री एस. के. बाहल को राजस्व विभाग में 28-7-1995 पूर्वाह्न से अगले आदेशों तक अनुभाग अधिकारी के रूप में नियुक्त करते हैं ।

बी. के. मेहता, अवर सचिव

सं. 73 : (फा. सं. ए-19014/13/91-प्रशा. 1)—राष्ट्रपति, इस विभाग की दिनांक 21-2-1992 की अधिसूचना सं. 89/1992 के अनुक्रम में राजस्व विभाग में अनुभाग अधिकारी (अपवर्जित) के पद पर श्री देवेन्द्र कुमार की प्रति-नियुक्ति की अवधि को 9-9-1995 से 8-9-1996 तक एक वर्ष के लिए तथा अगले आदेशों तक बढ़ाते हैं ।

बी. के. मेहता, अवर सचिव

दिनांक 16 अगस्त 1995

